आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आग्रह किया है कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का प्रण लें।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपसमूह में आयोजित कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।
- शारदीय नवरात्रि का पर्व आज से आरंभ हो गया।
- श्री विजयपुरम में आयोजित राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी अभ्यास का कल समापन हो गया।
- कमोर्टा तथा ननकौड़ी द्वीप के बुजुर्ग नागरिकों के लिए भूतपूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छता की प्रतिबद्धता जीवनभर की प्रतिज्ञा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के प्रण लें। स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कल नई दिल्ली में स्वच्छता ही सेवा दो हजार चौबीस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की अटूट भावना को नमन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल पन्द्रह दिनों में देश में सत्ताईस लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें अट्ठाईस करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें महात्मा गांधी और देश की अन्य महान हस्तियों के सपनों के भारत को सच्चाई में बदलने के लिए प्रेरित करता है। श्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी देशवासियों, स्वच्छता कार्यकर्ताओं, धार्मिक नेताओं, एथलीटों, मशहूर हस्तियों, और गैर सरकारी संगठनों तथा मीडिया कर्मियों के योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने आज से शुरू की गई परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्वच्छ भारत मिशन को नई ऊंचाई मिलेगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छ भारत मिशन विश्व का सबसे बड़ा और लोगों की भागीदारी से तथा लोगों के नेतृत्व में चलाया गया इस सदी का सबसे सफल और वृहद आंदोलन है।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अंग बनाने के महत्व पर जोर देते हुए सफाई की आदते डालने को कहा। उन्होंने द्वीपसमूह को देश का सबसे स्वच्छ राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश बनाने के लक्ष्य के लिए साप्ताहिक स्वच्छता अभियान की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने स्वच्छ और हरित पंचायत के लिए ठोस कचरा प्रबंधन की भूमिका पर प्रकाश डाला। ग्रामीण विकास निदेशक ने अपने संबोधन में स्वच्छता अभियान में सामुदायिक भागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण जनता के सामूहिक प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने अभियान के दौरान विभिन्न पंचायतों में हितधारकों द्वारा समर्पण की भावना से आयोजित गतिविधियों की सराहना की। स्वच्छ भारत मिशन के राज्य नोडल अधिकारी ने सत्रह सितम्बर से लेकर एक अक्तूबर तक चले अभियान की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्वच्छता कार्यकर्ताओं को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा अभियान के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत शोलबे, सीपीघाट, हटबे, हरिनगर, शिवापुरम, किशोरीनगर और ग्राम पंचायत लक्ष्मीनगर शामिल हैं।

उधर, आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र में भी सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। गैर सरकारी संगठन विद यू के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्रों और अन्य कार्यालय कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया।

<><><><><><><>

शारदीय नवरात्रि का पर्व आज से आरंभ हो गया। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु घरों और मंदिरों में कलश स्थापित कर मां दुर्गा की विभिन्न रूपों की आराधना करते हैं। भजन–कीर्तन के साथ जगराता का भी आयोजन किया जाता है। आज नवरात्रि का पहला दिन है और आज देवी की शैलपुत्री रूप की आराधना की जा रही है।

उधर, दुर्गा पूजा उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में तैयारियां जोरों पर है। विभिन्न पूजा समितियों की ओर से पंडालों को तैयार किया जा रहा है और इन्हें आकर्षक ढंग से सजाया भी जा रहा है। मूर्तिकारों द्वारा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है। दुर्गा पूजा समारोह को देखते हुए बिजली विभाग की ओर से पूजा समितियों से बिजली का उचित और वैकल्पिक व्यवस्था के साथ इसकी सुरक्षा को भी सुनिश्चित करने को कहा है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में गांडीव के छठे चरण के अंतर्गत दो दिवसीय राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी अभ्यास का कल समापन हो गया। प्रशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, अंडमान निकोबार कमान, भारतीय तटरक्षक बल, मार्कोस, पुलिस और विभिन्न हितधारकों के सहयोग से इस अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में विभिन्न प्रकार के आतंकवादी परिदृश्यों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें बम विस्फोट, वाहन से लगे आई ई डी, नागरिकों और जहाज का अपहरण शामिल हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद से संबंधित घटनाओं के मामले में प्रतिक्रिया देने की तत्परता और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का मूल्यांकन करना था।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से कल प्रातरापुर ज़िला कारागार में कैदियों के अधिकार को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सदस्य सचिव भवानी शंकर शर्मा, फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश दीपतेन्द्र नाथ मित्रा और न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम सिरकार ने शिविर को संबोधित किया। वक्ताओं ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम उन्नीस सौ सत्तासी के अंतर्गत कैदियों के अधिकारों और निशुल्क कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। ज़िला कारागार अधीक्षक सपना प्रिया की उपस्थिति में यह शिविर आयोजित की गई।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में बी एससी बी एड के कम्प्यूटर विज्ञान के एक सीट और बी ए बी एड हिन्दी के एक सीट के लिए परामर्श पांच अक्तूबर को रखा गया है। परामर्श सुबह साढ़े नौ बजे कॉलेज के सम्मेलन दीर्घा में आयोजित होगा। उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय, पंचवटी में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कक्षा नवीं और ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा अगले वर्ष आठ फरवरी को संस्थान में आयोजित की जाएगी। विवरणिका और आवेदन फॉर्म विद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तीस अक्तूबर है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान मुख्यालय की ओर से हाल ही में कमोर्टा और ननकौड़ी द्वीप के बुजुर्ग नागरिकों के लिए भूतपूर्व सैनिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमोर्टा सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन आई एन एस कारदीप के कमांडिंग ऑफिसर फानी कुमार नादेन्दला ने किया। कार्यक्रम में आई एन एच एस धनवन्तरी और एकीकृत चिकित्सा केन्द्र के सहयोग से चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में करीब एक सौ छब्बीस भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पेड़ों की कटाई किए जाने के कारण आज शोलबे–फरारगंज फीडर में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। आज सुबह आठ बजे से दिन में दो बजे तक गड्ढा टोली से राम नगर और फरारगंज जंक्शन से जिरकाटांग नम्बर दो तक के क्षेत्रों में कटौती की जाएगी। संबंधित कार्य मौसम पर निर्भर रहेगा।

<><><><><><><>